UPMP040073162026

**न्यायालय J.M.Ist class-cum-Addl.Munsif VIII, Mainpuri**

पीठासीन अधिकारी– (RASHMI SINGH), (उ०प्र० न्यायिक सेवा) – UP04827

जमानत प्रार्थना पत्र संख्या– 1938/2026

**राज्य बनाम सूरजभान सिंह।**

**वाद संख्या–1201/25**
**अपराध संख्या–148/2008**
**अं० धारा–279,338,304A आई.पी.सी.**
**थाना– भोगांव, जिला मैनपुरी।**

अभियुक्त **सूरजभान सिंह पुत्र शिवराम सिंह** की ओर से आपराधिक वाद संख्या–**1201/25**, मुकदमा अपराध संख्या–**148/2008**, अंतर्गत धारा **279,338,304A आई.पी.सी.** थाना–भोगांव जिला मैनपुरी के प्रकरण में जरिये अधिवक्ता आत्मसमर्पण प्रार्थना पत्र, जमानत हेतु प्रार्थना पत्र मय शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है।

अभियुक्त आत्मसमर्पण कर न्यायालय के समक्ष उपस्थित आया है।

जमानत प्रार्थना पत्र पर बल देते हुए अभियुक्त के विद्वान अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थी को तथाकथित अपराध में झूठा व रंजिशन फंसाया गया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट में वर्णित समय व तिथि पर कोई भी दुर्घटना चालक द्वारा घटित नहीं हुई है। प्रार्थी पूर्णतः निर्दोष है। प्रार्थी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। प्रार्थी अपनी जमानत का कभी भी दुरूपयोग नहीं करेगा और सदैव माननीय न्यायालय के नियमों का पालन करता रहेगा। अतः जमानत पर रिहा किये जाने की याचना की गई है।

विद्वान सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियुक्त का अपराध जमानतीय है।

सुना एवं विद्वान सहायक अभियोजन अधिकारी की आख्या व पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि प्रस्तुत मामले में आरोप पत्र प्रेषित किया जा चुका है। अभियुक्त पर **मुकदमा अपराध संख्या–148/2008, अंतर्गत धारा 279,338,304A आई.पी.सी.** का आरोप अध्यारोपित किया गया है। अभियुक्त आत्मसमर्पण कर न्यायालय के समक्ष उपस्थित आया है। अभियुक्त द्वारा कारित अपराध मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षणीय है। अतः उपरोक्त तथ्य एवं परिस्थितियों को देखते हुए अभियुक्त को जमानत पर रिहा किये जाने का आधार पर्याप्त है।

## आदेश

अभियुक्त **सूरजभान सिंह पुत्र शिवराम सिंह** की ओर से आपराधिक वाद संख्या–**1201/25**, मुकदमा अपराध संख्या–**148/2008**, अंतर्गत धारा **279,338,304A आई.पी.सी.** थाना–भोगांव जिला मैनपुरी के प्रकरण में अभियुक्त द्वारा मुव० 25,000/– रूपये के व्यक्तिगत बन्धपत्र एवं इसी राशि की दो प्रतिभू दाखिल करने पर अभियुक्त को जमानत पर रिहा किया जाता है।

दिनांक–09.04.2026

**(रश्मि सिंह )**
**जे.एम./अपर सिविल जज (अवर वर्ग)**
**कोर्ट संख्या–8, मैनपुरी**
J.O.Code.–UP04827